कार्यालय भू–प्रबन्ध आयुक्त राजस्थान, जयपुर

विमान भवन, गोपालबाड़ी, जयपुर–302001 दूरभाष नं. 0141–2373904 ईमेल–scr-rj@nic.in

क्रमांक/फा/संस्था/1/1/12/भूप्रआ/2021/15501–15511 दिनांक 2-11-2022

कार्यालय आदेश

राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा राजस्थान लैण्ड रेवेन्यु (लैण्ड रिकॉर्डस्) रूल्स 1957 एवं राजस्थान राजस्व (भू–अभिलेख, भू–प्रबन्ध एवं उपनिवेशन) अधीनस्थ सेवा नियम 2019 के अनुसरण में आयोजित सीधी भर्ती पटवारी प्रतियोगी परीक्षा, 2021 से चयनित अभ्यर्थियों में श्री बृजेश कुमार मीणा रोल नम्बर 3313394 एवं मेरिट क्रमांक 6690 को भू प्रबन्ध विभाग आवंटित किये जाने पर, इस कार्यालय के समसंख्यक आदेश क्रमांक 9120–10415 दिनांक 08.07.2022 द्वारा नियुक्ति प्रदान की जाकर प्रशिक्षण हेतु अस्थाई प्रशिक्षण शाला (भू–प्रबन्ध अधिकारी कार्यालय, टोंक) आवंटित किया जाकर दिनांक 18.07.2022 तक अपेक्षित समस्त दस्तावेजों का पूर्ण सत्यापन भू–प्रबन्ध अधिकारी कार्यालय टोंक के स्तर पर करवा कर कार्यग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया।

चयनित अभ्यर्थी श्री मीणा ने दिनांक 18.07.2022 को पुलिस सदाचार प्रमाण पत्र ई–मित्र के माध्यम से आवेदन किया जाने तथा जारी होने पर प्रस्तुत करने के शपथ पत्र के आधार पर कार्यग्रहण किया है, किन्तु श्री मीणा की पुलिस सदाचार रिपोर्ट जिला पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर द्वारा दिनांक 13.07.2022 को जारी होना पाया गया है। जिसे अभ्यर्थी श्री मीणा ने विभाग में दिनांक 01.09.2022 को प्रस्तुत किया गया। पुलिस सत्यापन प्रमाण–पत्र में श्री बृजेश कुमार मीणा के विरुद्ध दर्ज कई गंभीर आपराधिक प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन/लम्बित होने का रिमार्क अंकित होने तथा मिथ्या/गलत शपथ पत्र प्रस्तुत किये जाने के कारण कार्मिक विभाग के परिपत्र क्रमांक 4.1(1)कार्मिक/क–2/2016 जयपुर दिनांक 15.07.2016 एवं दिनांक 04.12.2019 के अनुसार नियुक्ति हेतु पात्रता नही रखने के फलस्वरूप इस कार्यालय के समसंख्यक आदेश क्रमांक 9120–10415 दिनांक 08.07.2022 के क्रम संख्या 186 पर अंकित अभ्यर्थी श्री बृजेश कुमार मीणा पुत्र रमेश चन्द मीणा मेरिट क्रमांक 6690, रोल न. 3313394 के पक्ष में प्रशिक्षु पटवारी के पद पर की गई नियुक्ति निरस्त की जाती है तथा इन्हें तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक (Remove from service) किया जाता है।

प्रशिक्षण काल में इन्हें किये गये नियत पारिश्रमिक भुगतान की नियमानुसार वसूली की जावे।

2/11

(राजेन्द्र विजय)
भू प्रबन्ध आयुक्त राजस्थान
जयपुर

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. प्रमुख शासन सचिव, राजस्व विभाग शासन सचिवालय जयपुर।
2. निबंधक, राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर।
3. सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
3. भू–प्रबंध अधिकारी, टोंक।
4. निजी सहायक, भू–प्रबंध आयुक्त राजस्थान, जयपुर/अति. भू–प्रबंध आयुक्त राजस्थान, जयपुर।
5. लेखा शाखा मुख्यालय।
6. प्रोग्रामर, आई.टी. शाखा, मुख्यालय को आदेश की प्रति प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि आदेश की प्रति विभाग की वैबसाईट पर अविलम्ब अपलोड कराने की कार्यवाही करावें।
7. श्री बृजेश कुमार मीणा पुत्र श्री रमेश चंद मीणा निवासी नयागांव, शिवाला, वजीरपुर गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, राजस्थान।

2/11

भू प्रबन्ध आयुक्त राजस्थान
जयपुर